महत्वपूर्ण परिपत्र

कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009
दूरभाष/TELE: 040-27843385 **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं./No.AN/II/SAS-II/February/2015/Vol. **दिनांक/Dated: 31.03.2015**

सेवा में,
सभी अधीनस्थ कार्यालय
मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग

विषय : फरवरी, 2015 में आयोजित किए गए अधी.ले.से. भाग-2 की परीक्षा - उत्तर-पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन।
संदर्भ : मुख्यालय कार्यालय का दिनांक 27.03.2015 का महत्वपूर्ण परिपत्र सं. AN/SAS/16102/SAS/II/FEB/2015/REV.

******

फरवरी, 2015 में (दिनांक 16.02.2015 से 21.02.2015 तक) आयोजित अधी.ले.से. भाग-।। की परीक्षा के केन्द्र-वार परिणाम को दिनांक 19 मार्च, 2015 को रक्षा लेखा महानियंत्रक के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था ।

उम्मीदवारों से [जो परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं] उत्तर-पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए संलग्न प्रोफार्मा में आवेदन प्रस्तुत करें । यह सूचित किया जाता है कि अधी.ले.से. नियम 19 के अधीन पुनर्मूल्यांकन केवल निम्नांकित तक ही सीमित होगा :
(1) योगों की जाँच ;
(2) टॉप-शीट को सही अंकों का आगे ले जाने ;
(3)सभी उत्तरों की मूल्यांकन हुआ है या नहीं यह जाँचने ;
(4) अन्य किसी त्रुटि या चूक को ठीक करने ;
(5) पुनर्मूल्यांकन का अर्थ उत्तरों को फिर से अंक देना नहीं है ।

सभी संबंधित उम्मीदवारों को निदेश दें कि वे पुनर्मूल्यांकन हेतु अपने आवेदन, यदि हों तो, अधी.ले.से. नियमों के नियम 19 के अधीन निर्धारित प्रोफार्मा में दिनांक 01.05.2015 तक अनिवार्य रूप से भेज दें ।

पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन भेजते समय यह सुनिश्चित करें कि संबधित उम्मीदवारों ने पुनर्मूल्यांकन चाहने वाले पेपर में कम से कम 30% अंक प्राप्त किए हैं ।

जिन उम्मीदवारों के आवेदन समय पर प्राप्त नहीं होंगे और आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं करते उन्हें स्वीकार न करें / इस कार्यालय को न भेजें । ऐसी स्थिति से बचें क्योंकि ऐसे मामलों पर कोई कारेवाई नहीं की जाती है ।

<u>शून्य रिपोर्ट भेजना भी अनिवार्य है</u> ।

<u>कृपया पावती दें ।</u>

हस्ता/-
(बी. बाल जवाहर)
रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)